





## एक नजर में

### जिला सहकारी बैंक कयामपुर शाखा में उत्कृष्ट कार्य के लिए पाटीदार को किया सम्मानित



**कयामपुर/नाहरगढ़।** लगातार अंचल की कई शाखाओ मे अपनी सेवाऐ देने वाले चन्द्रशेखर पाटीदार का समारोह मे सम्मान हुआ। आप जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा क्यामपुर द्वारा शाखा एवं पेक्स में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला मंदसौर कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग एवं जिला पंचायत सीईओ अनुकुल जैन द्वारा क्यामपुर शाखा प्रबंधक चंद्रशेखर पाटीदार को प्रशस्ती पत्र एवं शिल्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस पर इष्ट मित्र एवं बैंक परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### सड़क हादसे में वानर राज की मौत के बाद सनातनियों ने किया अंतिम संस्कार

**भानपुरा।** नगर भानपुरा के पुराना बस स्टैंड के पास स्थित मोटर मार्केट की मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घटना स्थल पर वानर राज की मौत हो गई। सूचना मिलने पर श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा की युवा इकाई के वरिष्ठ सदस्य शुभम बंबोरिया, योगेश गौड़, जयेश राठौर, प्रदीप सेन, अंकुश बागड़िया, संजय टेलर मुक्ति विकास समिति के व्यवस्थापक व सेन समाज के अध्यक्ष मनोज मंगरोलिया, बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक पवन उपाध्याय आदि ने मिलकर पूरे विधि–विधान स छोटे महादेव मंदिर मार्ग स्थित श्मशान घाट पर मृत वानर के शव का अंतिम संस्कार किया व मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में उच्च स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। अंतिम संस्कार की विशेष व्यवस्था मुक्तिधाम विकास समिति की ओर से की गई।

### प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हासिल किए 9 पदक




**मंदसौर।** नगर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों द्वारा अस्मिता किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में बाजी मारी प्रतियोगिता मनासा में आयोजित हुई। जिसमें मंदसौर जिले के 13 खिलाड़ियों ने मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए बाजी मारी 9 पदक हासिल किए जिसमें स्वर्ण पदक सौम्या सेठ, भूमिका विश्वकर्मा, जया, रजत पदक मृणाली शिंदे, काव्या जैन, कास्य पदक भानवी शर्मा, कनिका संघवी, मैथिली देवड़ा, कृतिका जैन ने पदक हासिल कर मंदसौर जिले का नाम रोशन किया। पदक प्राप्त खिलाड़ी 13 दिसंबर से 14 दिसंबर तक भोपाल में होने वाले वेस्ट जोन के सिलेक्शन के लिए भाग लेंगे। यह जानकारी कोच नितिराज सिंह चौहान ने दी और समिति अध्यक्ष विनय दुबेला एवं सदस्यों ने बधाई दी।

### आपकी पूंजी आपका अधिकार जागरूकता विशेष शिविर 12 को

**मंदसौर।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक मंदसौर संजय कुमार मोदी ने बताया कि 10 वर्षों से अधिक समय से निष्क्रिय बैंक खातों में जमा राशि को खाताधारकों तक पुन: पहुंचाने के उद्देश्य से वित्त मंत्रालय एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार देशभर में 1 अक्टूबर 25 से 31 दिसंबर 25 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंदसौर नगर में 12 दिसंबर 25 को आपकी पूंजी आपका अधिकार जागरूकता विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नगर पालिका सभागृह मंदसौर में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में विभिन्न बैंकों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां 10 वर्षों से अधिक समय से निष्क्रिय खातों में जमा वह राशि, जो भारत सरकार के जमा शिक्षा एवं जागरूकता कोष में स्थानांतरित हो चुकी है, उसे प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। नगर के ऐसे सभी नागरिक जिनकी बैंक जमा राशि लंबे समय से प्राप्त नहीं हुई है, वे शिविर में उपस्थित होकर पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं अपनी राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य क्षेत्र के ग्राहक अपनी संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर निष्क्रिय खाते की राशि प्राप्त कर सकते हैं। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि विशेष शिविर के अतिरिक्त भी खाताधारक किसी भी समय अपनी बैंक शाखा से संपर्क कर निष्क्रिय खाते से संबंधित राशि प्राप्त कर सकते हैं।

### महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण

मंदसौर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नपा परिषद मंदसौर के द्वारा मंदसौर गौरव दिवस को मनाने हेतु दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गौरव दिवस के प्रथम दिवस रविवार को शाम को मंदसौर नपा परिषद के द्वारा सम्राट यशोधर्मन की यश कीर्ति को बताने वाले सौंधनी विजय स्तम्भ (ग्राम सौंधनी) पर दीप प्रज्वलित किये गये। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला सहित नपा के सभापतिगणों, पार्षदगणों ने सौंधनी विजय स्तम्भ के सम्मुख दीप जलाकर सम्राट यशोधर्मन को नमन किया। इस अवसर पर नपा सभापतिगण निलेश जैन, श्रीमती निर्मला चंदवानी, श्रीमती कौशल्या बंधवार, श्रीमती दीपमाला मकवाना, पार्षदगण भवना पमनानी, सुनीता भावसार, आशीष गौड़, श्रीमती रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवे, भाजपा नेता प्रीतेश चावला, राजेश गुर्जर ने भी दीप प्रज्वलित किये।

## आत्मविश्वास और अनुशासन की राह दिखाते हैं खेल : सांसद

**▸ सांसद खेल महोत्सव : 12 दिसम्बर से शुरू होंगी प्रतियोगिताएं**



**मंदसौर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एंव मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खेलो इंडिया के माध्यम से देश के साथ प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य निरंतर कर रहे है। सम्पूर्ण भारत वर्ष में सांसद खेल महोत्सव चल रहा है इसी क्रम में मंदसौर संसदीय क्षेत्र के मंदसौर जिले में सांसद खेल महोत्सव को सम्पन्न करने हेतु जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर आवश्यक बैठक सांसद सुधीर गुप्ता एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

मंच पर भाजपा जिला महामंत्रीगण शिवराज सिंह राणा और महेश जूनवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल एवं भाजपा नेता हिम्मत डांगी मंचस्त रहे। जिले में सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगीताएँ 12 दिसम्बर से विभिन्न चरणों में संकुल एवं विधानसभा स्तर पर सम्पन्न होगी। सांसद खेल महोत्सव के समापन 25 दिसम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का वर्चुअल मार्गदर्शन पूरे देशभर में एक साथ खिलाड़ीयौ को प्राप्त होगा। बैठक के प्रारम्भ में पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर पदाधिकारीगणों द्वारा मंचस्त पदाधिकारीयों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया सांसद खेल महोत्सव के जिला प्रभारी गौरव अग्रवाल, जिला सह प्रभारी नरेन्द्र पाटीदार, जिला टोली सदस्य अभिषेक मांदलिया, चंद्रप्रकाश पंडा, विकास सुराना, गरोठ विधानसभा प्रभारी रामसिंह चौहान, सुवासरा विधानसभा प्रभारी अर्जुन सोनी, मल्हारगढ़ विधानसभा प्रभारी राजकुमार गौड इरली, मंदसौर विधानसभा प्रभारी प्रितेश चावला बनाए गए है। सांसद खेल महोत्सव में पारम्परिक खेलों को सम्मिलित किया गया है जिनमें कबड्डी, खो–खो, रस्साकशी, सितोलिया और मेराथन दौड़ सम्मिलित है साथ ही गैर पारम्परिक खेलों में क्रिकेट, वालीवाल एवं एक स्थानिय स्तर पर खेले जाने वाला खेल होगा।

बैठक को संबोद्धित करते हुये सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा शक्ति को ऊर्जा, अनुशासन और सकारात्मक दिशा देने का एक बड़ा अभियान है। हमारा उद्देश्य है कि जिले के हर गांव–कस्बे से प्रतिभावान युवा आगे आएं और अपने खेल कौशल को निखारकर राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसे अभियानों की भावना को मजबूत करते हुए यह महोत्सव खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का माध्यम बन रहा है। हम चाहते हैं कि खेलों के माध्यम से युवाओं में टीम–स्पिरिट, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित हो। आप सभी पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से यह खेल महोत्सव मंदसौर जिले की खेल प्रतिभा को नई पहचान देगा। मेरा विश्वास है कि मंदसौर जिले के खिलाड़ी आने वाले समय में देश–विदेश में हमारा नाम रोशन करेंगे।

### युवा शक्ति को प्रकट करने का माध्यम है खेल : दीक्षित

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने इस अवसर पर कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का स्पष्ट संदेश है 'युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति'। इसी विचार से प्रेरित होकर सांसद खेल महोत्सव जिले के युवा खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच प्रदान कर रहा है, जहाँ वे न केवल प्रतिस्पर्धा करेंगे बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व जैसे संस्कार भी सीखेंगे। सांसद खेल महोत्सव भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक सोच का एक सशक्त उदाहरण है, जिसमें संगठन सेवा, समर्पण और समाज निर्माण को प्राथमिकता देता है। इस महोत्सव का उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं को जोड़ना, उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना और उनकी छुपी हुई प्रतिभा को सामने लाना है।

## रोटरी मंडल 3040 की नॉर्थ क्लस्टर चौपाल संपन्न

**▸ सेवा विस्तार, सदस्यता, दान व महिलाओं की भागीदारी पर महत्वपूर्ण मंथन**




**मल्हारगढ़।** रोटरी मंडल 3040 की नॉर्थ क्लस्टर चौपाल का भव्य आयोजन 7 दिसंबर को भेसासुरी माताजी धाम परिसर में हुआ। मंदसौर, रतलाम, नीमच, नागदा व आसपास के क्षेत्रों से आए 350 से अधिक रोटेरियंस ने सेवा कार्यों, सदस्यता वृद्धि, दान संस्कृति, कम्युनिटी सर्विस और महिलाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। परिसर में पांच अलग–अलग परिचर्चा चौपालें बनाई गईं, जिनमें क्लबों ने आगामी वर्ष के लिए ठोस कार्ययोजनाएं तैयार कीं।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, मंडलाध्यक्ष रोटे. सुशील मल्होत्रा, डीजीएन मुकेश साहू, पीडीजी गजेन्द्र नारंग, दर्शन सिंह गांधी, धीरेन दत्ता, महेंद्र मिश्रा, अशोक तांतेड, नितिन डफरिया सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने रोटरी की सेवा परियोजनाओं, दान के महत्व, महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और संगठनात्मक अनुशासन पर अपने विचार रखे।

समारोह में समाजसेवी राम सिंह सिसोदिया व जितेश जोशी का सम्मान किया गया।

स्वागत रोटरी क्लब मंदसौर अध्यक्ष रोटे. भूपेंद्र सोनी ने किया। संचालन राजेश सिंघवी व कनक पंचोली ने तथा धन्यवाद सचिव कपिल भंडारी ने प्रस्तावित किया।

चौपाल में निर्णय लिया गया कि नॉर्थ क्लस्टर के क्लब संयुक्त रूप से स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, वृक्षारोपण, कौशल विकास, छात्रवृत्ति और महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रकल्पों को प्राथमिकता देंगे तथा प्रत्येक क्लब एक फ्लैगशिप प्रोजेक्ट अपनाएगा।

भेसासुरी माताजी धाम में आयोजित यह चौपाल मंडल 3040 के लिए सेवा और समन्वय का महत्वपूर्ण अध्याय बनी।

## नवोदय स्कूल में कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**▸ प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को मंदसौर जिले के 11 केन्द्रों पर होगी**

**मंदसौर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लदुना, जिला मंदसौर के प्राचार्य श्री हरि शंकर रेगर ने बताया कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2026–27 में कक्षा छठवीं के लिए उपलब्ध 80 सीटों पर प्रवेश हेतु पंजीकृत 3454 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

किसी भी आवेदक को प्रवेश पत्र प्राप्त करने में समस्या होने पर वह कार्यालय समय में प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय लदुना, जिला मंदसौर से संपर्क कर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकता है। प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर 25 को मंदसौर जिले के विभिन्न 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित है।

मॉडल उ. मा. वि. भानपुरा, मॉडल उ. मा. वि. गरोठ, शासकीय कन्या उ. मा. वि. गरोठ, शासकीय कन्या उ. मा. वि. मल्हारगढ़, शासकीय बालक उ. मा. वि. पिपल्या स्टेशन, लाल बहादुर शास्त्री उत्कृष्ट उ. मा. वि. मंदसौर, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उ. मा. वि. मंदसौर, सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय उ. मा. वि. क्र. –2 मंदसौर, संदीपनी विद्यालय शा. उ. मा. विद्यालय लदूना, श्रीराम उत्कृष्ट उ. मा. वि. सीतामऊ, शासकीय कन्या सरस कुंवर उ. मा. वि. सीतामऊ पर आयोजित होगी।




## कोतवाली पुलिस ने झारखंड से पकड़े तीन सायबर ठग

**▸ आरोपियों के पास से 1 लाख नकद, 5 मोबाइल और 10 सिम बरामद**

मंदसौर। कोतवाली थाना पुलिस ने सायबर धोखाधड़ी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए झारखंड के देवघर जिले से तीन सायबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख रुपये नकद, 5 लग्जरी मोबाइल फोन (3 आईफोन, 2 स्मार्टफोन) और 10 मोबाइल सिम जब्त किए हैं।

फरियादी राजेश परमार निवासी पाटील कॉलोनी ने 1 से 7 अक्टूबर 2025 के बीच उनके खाते से 7 लाख 40 हजार 560 रुपये की ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। प्रकरण में अपराध क्रमांक 655/2025 धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। तकनीकी विश्लेषण के बाद दो पुलिस टीमों को झारखंड भेजा गया। कठिन परिस्थितियों, ठंड और ग्रामीण क्षेत्रों में रात को दबिश के बावजूद पुलिस ने 1500 किमी का सफर तय कर आरोपियों बोलबम रवानी (26), राजरोशन रवानी (22) और पिंटु उर्फ मांटु रवानी (22), सभी निवासी जिला देवघर (झारखंड) को गिरफ्तार किया।

### 12 दिसम्बर को राजस्व वसूली शिविर लगेगा

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, सीएमओ श्रीमती अनिता चकोटिया, राजस्व समिति सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार ने बताया कि म.प्र. शासन के नगरीय विकास विभाग के निर्देशानुसार राजस्व की वसूली हेतु वार्डों में सम्पत्ति कर एवं अन्य करों की वसूली हेतु शिविर लगाये जा रहे है। इसके अंतर्गत दिनांक 12 दिसम्बर को प्रात: 10 से 5.30 बजे तक लॉ कॉलेज के पास संजीत रोड़ पर वार्ड नं. 1, 2, 8, 14, 39 एवं 40 क बकायादारों की वसूली शिविर लगाया जायेगा। मंदसौर नगर के इन वार्डों के गणमान्य नागरिकों से आग्रह है कि वे इस राजस्व वसूली शिविर में आकर अपना बकाया संपत्ति कर एवं अन्य कर जमा करावे।



## नए आधार केंद्र के लिए शीघ्र एनओसी जारी करें : अपर कलेक्टर

**▸ साप्ताहिक अंतरविभागीय समीक्षा बैठक संपन्न**

**मंदसौर। सुशासन भवन स्थित सभागार में सोमवार को साप्ताहिक अंतर–विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।**

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत नवीन निर्मित आधार केंद्रों के लिए संबंधित विभागों को तत्काल एनओसी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनओसी जारी होने के पश्चात आधार केंद्र संचालक का कार्य होगा। साथ ही स्पष्ट किया कि सभी आधार केंद्र शासकीय कार्यालयों में ही संचालित किए जाएंगे।

उन्होंने सभी नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों में भूमिहीन व्यक्तियों का तत्काल सर्वे किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। सर्वेक्षण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी ढंग से की जाए। इस संबंध में सभी एसडीएम एवं सीएमओ को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने सीएम मॉनिट एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। भूमि आवंटन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या को तत्काल अवगत कराने के लिए कहा गया।

सीईओ जिला पंचायत ने बैठक में सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत संकुल स्तर के साथ–साथ विधानसभा स्तर पर भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग, डीपीसी एवं खेल विभाग को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**एक नजर** ▸ **निर्माण कार्य में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आएगी और सहयोग करेंगे : विधायक विपिन जैन**

## भगवान जगन्नाथ मंदिर निर्माण जारी, सहयोगियों का किया सम्मान

**मंदसौर।** 500 वर्ष प्राचीन भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा, बलभद्र मंदिर इमेज निर्माण कार्य को लेकर सतत 6 माह के अंदर बहुत बड़ा निर्माण कार्य अब तक 10 लाख का अधिक का हो चुका है जिसमें सहयोग करने वालों का सम्मान का कार्यक्रम 7 दिसंबर भगवान जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मंदिर निर्माण में विधायक निधि से 2 लाख की घोषणा करने वाले विपिन जैन ने कहा कि प्राचीन मंदिर चमत्कारिक होने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर भगवान जगन्नाथ मंदिर का नाम है इसके श्री यंत्र की ख्याति चारों तरफ फैलती जा रही है मैंने जो राशि की घोषणा करी है उसे राशि के अलावा भी और राशि यदि लगेगी मैं सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा।

शाल श्रीफल दुपट्टे के साथ विधायक श्री विपिन जैन का स्वागत निर्माण एजेंसी के प्रमुख समाजसेवी अनिल गुप्ता, मंदिर ट्रस्ट के सदस्य गोपाल पंचारिया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में ललित खेमानी–श्रीमती ज्योति सोहनलाल खेमानी द्वारा 51 हजार रू. की राशि मंदिर निर्माण में देकर उन्होंने इस कार्य को आगे बढ़ाया है।

वरिष्ठ कॉन्टेक्टर आशीष गुप्ता मंदिर में अपने संसाधन लगाने के कारण उनका भी शाल श्रीफल के साथ सम्मान किया गया द्वारा पहुंचकर श्री संजीव त्रिवेदी द्वारा पूरे मंदिर प्रांगण में पुताई का कार्य करवाया गया। श्री नंदलाल परमार द्वारा मंदिर में आरती वाद्य यंत्र के साथी 31 हजार रू. की नगद राशि अब तक दी जा चुकी है उनका भी सम्मान मंदिर प्रांगण में किया गया।

श्री भरत चंदवानी द्वारा 21 हजार रू. की राशि मंदिर निर्माण में भेद की गई उन्हें भी शाल श्रीफल के साथ सम्मानित किया गया रोहित शर्मा एवं गोपाल पाटीदार द्वारा इस



कार्यक्रम में सहयोग करने के कारण सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक विपिन जैन में बड़े उत्साह के साथ कहा की जो जुलाई माह में उड़ीसा की तर्ज पर जगन्नाथ पुरी की यात्रा निकाली जाती है उसी तर्ज पर मंदसौर में भी यह यात्रा निकाली जाएगी जिसमें मेरा पूरा सहयोग रहेगा कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने भी कहा कि यह हमें सौभाग्य की आज इस प्राचीन मंदिर की ख्याति दूर–दूर तक फैलती जा रही है इसमें दवे एवं योगेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, गोपाल पंचारिया सभी बढ़–चढ़कर इस मंदिर के चमत्कारों को परिचित कर रहे हैं यह नगर के लिए एक अद्भुत कार्य होगा। हरि दवे द्वारा सम्मान की संपूर्ण व्यवस्था करी गई । परमार द्वारा भोजन व्यवस्था बनाई गई। गोपाल पंचारिया द्वारा मंदिर प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है सभी ने मंदिर के निर्माण कार्य के प्रति बड़े उत्साह के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। नगर की जनता से आवाहन किया है कि इस मंदिर के दर्शन करके भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें। कार्यक्रम में गोपाल शर्मा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मंदिर के इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। जुलाई माह के अंदर 2026 में विशाल जगन्नाथ यात्रा निकाली जावेगी। इस संबंध में एवं समिति बनाई जाएगी।

निर्माण एजेंसी के प्रमुख समाज सेवा अनिल गुप्ता ने कहा है कि यह निर्माण सतत चलता रहेगा हम सांसद महोदय एवं नगर पालिका अध्यक्ष एवं उद्योगपतियों का सहयोग लेकर इस कार्य को सतत आगे बढ़ते रहेंगे। मंदिर में तीनों प्रतिमाओं के शिखर एवं हनुमान के मंदिर का शिखर के साथी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पुलिया की तरफ से गेट खोला जाएगा इस मंदिर में चारों तरफ बड़े द्वारा बनाने के साथ ही मंदिर के अंदर पूरा फर्श का निर्माण कार्य होगा और हर माह विशेष आरती के साथ ही रामायण पाठ, हनुमान चालीसा, भगवान जगन्नाथ की आरती प्रतिवर्ष यात्रा के साथ ही प्रत्येक कार्यक्रम इस मंदिर में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी जयंत भावसार द्वारा दी गई।



## बॉडीबिल्डिंग : बनवारी गुर्जर ने सम्राट यशोधर्मन ट्रॉफी जीती

**मंदसौर।** गौरव दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद एवं दशपुर जिला बॉडीबिल्डिंग संघ द्वारा 40वीं मिस्टर एमपी बॉडीबिल्डिंग चैम्पियनशिप का भव्य आयोजन श्री कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में किया गया। प्रदेश के लगभग 300 बॉडी बिल्डर्स ने देर रात तक शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। ऑडिटोरियम के भीतर एवं बाहर दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया। राज्य स्तरीय स्पर्धा में ग्वालियर के बनवारी गुर्जर ने सम्राट श्री यशोधर्मन ट्रॉफी जीतते हुए 21,000 रुपये व आकर्षक ट्रॉफी प्राप्त की। इसी प्रकार बेस्ट पोज़र कमलेश चांगल (उज्जैन), बेस्ट मस्कुलर शोएब मोहम्मद (उज्जैन), बेस्ट इम्प्रूव्ड प्रियेश शर्मा (विदिशा) रहे। इन तीनों को 10–10 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा 10 वजन वर्गों में प्रथम से पंचम स्थान तक खिलाड़ियों को 3,000 से 1,000 रुपये तक के पुरस्कार व प्रमाणपत्र दिए गए। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों व अधिकारियों का सम्मान भी किया गया। आयोजन में संघ के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।